संपादकीय

चुनावी जंग में तोप-पोत वार

आईएनएस विराट चर्चा में है, अलग ही ब्रांड बना है। इतने युद्धपोत आये-गये, पर अधिकांश युद्धपोतों के नाम कोई न जानता। आईएनएस विराट अलग ब्रांड है, क्योंकि एक प्रधानमंत्री अपने कार्यकाल में इस पर आये थे। यह अलग बहस का विषय है कि पिकनिक पर आये थे या काम पर। हालांकि कई नेताओं के लिए पिकनिक भी एक काम ही है। और कई नेताओं के बारे में तो दुआ की जाती है कि प्लीज पिकनिक पर ही लगे रहो, पिकनिक पर लगे रहोगे तो घोटाला न कर पाओगे।

इधर के चुनाव तो ब्रांड युद्ध में तबदील हो गये। उधर से राफेल चला तो इधर से बोफोर्स चली। राफेल अभी आया नहीं है, पर चल रहा है। और बोफोर्स का तो क्या कहना, तीस साल से ज्यादा हो गये, चले ही जा रही है। जब भी चुनाव आते हैं, चल जाती है। बोफोर्स से जितने हमले पाकिस्तान पर न हुए होंगे, उन हमलों से बहुत ज्यादा हमले नेताओं ने एक-दूसरे पर कर मारे हैं। राफेल का भी कमोबेश यही हाल लग रहा है।

आईएनएस विराट युद्धपोत से पहले एक और युद्धपोत चर्चा में रहा था। वह था आईएनएस विक्रांत। आईएनएस वि ांत के कबाड़ से बजाज ने एक मोटरसाइकिल का ब्रांड बनाया। युद्धपोत न हुआ पुराने जमाने का पाजामा हो गया, दादाजी ने पहना, फिर पिताजी का घुटन्ना बना, फिर पिताजी के बेटे का अंतर्वस्त्र बना। ब्रांड है, कुछ भी हो जाता है, बदल जाता है। अमिताभ बच्चन कभी एक साथ सैकड़ों गुंडों को मारते थे, अब सोना बेचते दिखते हैं। ब्रांड आखिर में कुछ न कुछ बेचने के ही काम आता है। आईएनएस विराट के जिक्र के जरिये भी कोई छवि बेचने की कोशिश की जा रही है।

विराट पीएम की वजह से प्रसिद्ध हुआ। विक्रांत बाइक की वजह से फेमस हुआ। विराट को कुछ दिनों बाद सब भूल जायेंगे। वि ांत याद रहेगा, बजाज आटो कंपनी उसे भूलने नहीं देगी। छोटे ट्रक पर लिखा होता है बड़ा होकर टाटा का बड़ा ट्रक बनूंगा। विक्रांत पर लिखा होना चाहिए था-बुजुर्ग होकर मैं एक कंपनी की बाइक बनूंगा। युद्धपोत बाइक बन जाता है। युद्धपोत पिकनिक स्थल बन जाता है।

भारतीय सेना, वायुसेना के आइटम सिर्फ दुश्मनों से लड़ने के ही काम न आते, नेताओं की आपसी लड़ाई में भी बहुत काम आते हैं। राफेल और बोफोर्स को देख लें। भारतीय वायुसेना को नया हेलीकाप्टर मिला है अपाचे नाम से। इसके जरिये हमले अभी शुरू नहीं हुए। डिफेंस की जिस डील में रिश्वत खाने के आरोप न लगें, वह डील कुछ नकली टाइप की लगती है।

मतलब कई बार तो शक तक होने लगता है कि ये हेलीकाप्टर काम करेगा भी कि नहीं। अपाचे कहीं कहने तो न लग जायेगा-मेरे पूर्वज राफेल में इतनी रकम खाने का हल्ला है, मैं क्या इतना निकम्मा हूं कि मेरे बारे में किसी रिश्वत का जिक्र नहीं हो रहा है।

अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से कॉटन में लौटी तेजी

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों को लेकर गतिरोध दूर करने की दिशा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कॉटन के भाव में रिकवरी आई है जिससे घरेलू बाजार में भी बुधवार को लगातार दूसरे दिन कॉटन के वायदे में तेजी का रुख बना रहा।

अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में खटास आने के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कॉटन का भाव मंगलवार को 64.51 सेंट प्रति पौंड तक चला गया था जो कि करीब तीन साल में सबसे निचला स्तर है। हालांकि उसके बाद 1.26 फीसदी की रिकवरी दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई भारी गिरावट के कारण भारतीय वायदा बाजार में भी कॉटन के वायदे में सोमवार को करीब चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन मंगलवार को मिले सकारात्मक विदेशी संकेतों से घरेलू कॉटन बाजार में तेजी का रुख बुधवार को भी जारी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक वार्ता जारी रहेगी और उन्होंने अगले महीने जी-20 सम्मेलन के दौरान जापान में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात के संकेत दिए हैं, जिसके बाद कमोडिटी और स्टॉक बाजार में रिकवरी देखी जा रही है।

पेट्रोल, डीजल के दाम में गिरावट का सिलसिला थमा

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल के दाम में पिछले छह दिन से जारी गिरावट का सिलिसिला बुधवार को थम गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के विभिन्न महानगरों में तेल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में भी नरमी दर्ज की गई। बाजार के जानकार बताते हैं कि बहरहाल अमेरिका में तेल के भंडार में इजाफा होने की रिपोर्ट के कारण कच्चे तेल के दाम में तेजी पर लगाम लगी है, लेकिन तेल की कीमतों में तेजी की संभावना अभी बनी हुई है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, बुधवार को दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के भाव पूर्ववत क्रमशः 71.18 रुपये, 73.25 रुपये, 76.79 रुपये और 73.88 रुपये प्रति लीटर बने रहे। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 65.86 रुपये, 67.61 रुपये, 69 रुपये और 69.61 रुपये प्रति लीटर दर्ज किए गए। बीते छह दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 1.82 रुपये लीटर जबकि डीजल के दाम 80 पैसे

महिला टेनिसः इटली ओपन से बाहर हुई सेरेना विलियम्स

रोम। अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स ने चोटिल होने के कारण यहां क्ले कोर्ट पर जारी इटली ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। बीबीसी के अनुसार, 23 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता विलियम्स ने घुटने में चोट लगने के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर होने का निर्णय लिया है। सेरेना को प्रतियोगिता के दूसरे दौर में अपनी बहन वीनस विलियम्स से भिड़ना था।

न्होंने कहा, मैं आप सभी से फ्रेंच ओपन और अगले साल रोम में मिलूंगी। दूसरी ओर, पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 डेनमार्क की कैरोलिना वोज्नियाकी को भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। वोज्नियाकी पैरों में चोट के चलते अमेरिका की डेनिली कोलिंस के खिलाफ पहले राउंड से हट गईं।

ईडी ने कोचर दंपति से 8 घंटे पूछताछ की

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर 1,875 करोड़ रुपये के वीडियोकॉन ऋण मामले की जांच के संबंध में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए, और एजेंसी ने उनसे आठ घंटे तक पूछताछ की। कोचर दंपत्ति मंगलवार सुबह खान मार्केट

इलाके में स्थित ईडी मुख्यालय पहुंचे, और उनसे शाम सात बजे तक पूछताछ की गई। उनसे कुछ दस्तावेज लाने को कहा गया है। एजेंसी के अधिकारियों ने कोचर दंपत्ति से वीडियोकॉन समूह के प्रमोटर और चेयरमैन वेणुगोपाल धूत से उनके सौदे तथा उनके बीच हुए आर्थिक लेन-देन के बारे में पूछताछ की। यह मामला 2009 और 2011 के दौरान आईसीआईसीआई बैंक द्वारा वीडियोकॉन समूह को 1,875 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी देने में कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्ट आचार से संबंधित है। ईडी को अवैध लेन-देन से संबंधित सबूत मिले थे, जिसमें दीपक कोचर की कंपनी न्यूपॉवर को करोड़ों रुपये दिए गए थे। कोचर दंपति से पिछले महीने मुंबई में कई बार पूछताछ हुई थी। दिल्ली में कोचर दंपति पहली बार ईडी के समक्ष पेश हुए। ईडी ने मार्च में अपनी जांच के तहत कोचर दंपत्ति के आवास तथा कार्यालय परिसरों की सिलसिलेवार तलाशी ली थी और चंदा तथा उनके पति दीपक कोचर के साथ-साथ धूत से पूछताछ भी

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच बनेंगे फुल्टन

वेलिंग्टन। पूर्व बल्लेबाज पीटर फुल्टन 30 मई से इंग्लैंड एंड वेल्स में शुरू होने वाले विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच बनेंगे। वह मौजूदा बल्लेबाजी कोच क्रेग मैकमिलन की जगह लेंगे। क्रिकइंफो ने टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड के हवाले से बताया, हमें खुशी है कि विश्व कप के बाद पीट टीम से जुडेंगे और हमें विश्वास है कि वह हमारी टीम के लिए सबसे अच्छा विकल्प होंगे। स्टीड ने कहा, हमने एक प्रक्रिया के जरिए उन्हें चुना। प्रक्रिया के दौरान सभी उम्मीदवारों का आकलन किया

गया और इसमें हमारे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी हमारी मदद की। पीट को स्पष्ट रूप से बल्लेबाजी की अच्छी समझ है और उन्होंने हमें यह भी बताया कि वह कैसे हमारे शीर्ष बल्लेबाजों की मदद करेंगे। उन्होंने न्यूजीलैंड की अंडर-19 टीम और हमारे विंटर ट्रेनिंग टीम के साथ अपने कोचिंग के कौशल को दर्शाया है।विश्व कप का आखिरी लीग मैच न्यूजीलैंड को तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है और टूर्नामेंट 14 जुलाई का समाप्त होगा, लेकिन आधिकारिक तौर पर फुल्टन का काम एक जुलाई से शुरू हो जएगा। फुल्टन ने कहा, अन्य कीवियों की तरह मैंने भी पिछले कुछ वर्षों में टीम की प्रगति को देखा और उसकी प्रशंसा की है। इसलिए टीम के साथ दोबारा जुड़ना अच्छा है। हमारे देश में कई प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं और मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

एटलेटिको मेड्रिड से अलग होंगे ग्रीजमैन

मेड्रिड । फ्रेंच फारवर्ड एंटोनी ग्रीजमैन इस सीजन के अंत में स्पेनिश क्लब एटलेटिको मेड्रिड को अलविदा कहेंगे। बीबीसी के अनुसार, ग्रीजमैन पांच वर्षों तक स्पेनिश क्लब के लिए एक फारवर्ड के रूप में खेले और अब अपने करियर में नई चुनौती चाहते हैं।

ग्रीजमैन ने पिछले साल जून में क्लब के साथ पांच वर्षों का करार किया था, लेकिन शनिवार को स्पेनिश लीग में होने वाला मुकाबला क्लब के लिए उनका आखिरी मैच होगा। उन्होंने कहा, यह पांच साल शानदार रहे। हर चीज के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं प्रशंसकों को कहना चाहता हूं कि मैंने नई चुनौतियों का सामना करने के लिए क्लब छोड़ने का निर्णय लिया है।ग्रीजमैन के अनुबंध में 12 करोड़ यूरो का रिलीज क्लॉज है और ऐसा माना जा रहा है कि एफसी बार्सिलोना इसका भुगतान करने के लिए तैयार है। ग्रीजमैन ने क्लब के लिए कुल 256 मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 133 गोल किए। वह 2014 में एटलेटिको से जुड़े थे।

स्टीमाक बने भारतीय फुटबाल टीम के मुख्य कोच

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को यहां क्रोएशिया के इगोर स्टीमाक को भारत की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। स्टीमाक को एआईएफएफ ने दो साल का अनुबंध प्रदान किया है। क्रोएशिया की उस टीम का हिस्सा थे जो 1998 विश्व कप में तीसरे पायदान पर रही थी। वह क्रोएशिया को 2014 फीफा विश्व कप फाइनल्स तक ले गए थे। एआईएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा, ब्लू टाइगर्स का कोच बनने के लिए इगोर सही उम्मीदवार हैं।

विश्व कप के लिए फिट हुए शादाब खान

लाहौर। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान 30 मई से इंग्लैंड एंड वेल्स में शुरू होने वाले विश्व कप के लिए फिट हो गए हैं। शादाब अब इंग्लैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज में भी पाकिस्तान की टीम के साथ जुड़ेंगे। क्रिकइंफो के अनुसार, 20 वर्षीय शादाब गुरुवार को इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। वह हेपटाईटिस से पीड़ित थे और

वनडे सीरीज के शुरू होने से लेकर अब तक घर पर आराम कर रहे थे। पाकिस्तान के कप्तान सरफराज खान ने मंगलवार को कहा, हमें शादाब से जुड़ी अच्छी खबर मिली है। वह विश्व कप के लिए फिट होंगे और हम उनके टीम में वापस आने से उत्सुक हैं।

शादाब का नाम इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वायरस के कारण उनका विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध माना जा रहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने खान के हवाले से बताया, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि ब्लड टेस्ट नेगेटिव आए हैं और अब मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं। मुझे हमेशा से विश्वास था कि मेरा वायरल इंफेक्शन ठीक हो जाएगा और मैं विश्व कप के लिए उपलब्ध रहूंगा। पाकिस्तान के कोच मिकी आर्थर को भरोसा है कि खान आगामी टूर्नामेंट से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे और

राशिफल

मेषः रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। पार्टी व पिकनिक का कार्य म बन सकता है।

वृषः कोई बुरी सूचना मिल सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। व्यर्थ बातों में ध्यान न दें।

मिथुनः पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

कर्कः घर में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा।

सिंहः रोजगार दूर करने के प्रयास किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से पूरे होंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

कन्याः दूसरों की बातों में न आएं। विवेक से निर्णय लें। लाभ होगा। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। विवाद न करें।

तुलाः किसी लंबी यात्रा की संभावना है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृश्चिकः व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। योजना फलीभूत होगी।

धनुः मंदिर-तीर्थस्थल इत्यादि के दर्शन लाभ के योग हैं। कानूनी अड़चन दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

मकरः अपने अड़ियलपने पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। दूसरों की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

कुंभः राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। बाहर जाने का मन करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क बन सकता है।

मीनः रोजगार प्राप्ति किसी व्यक्ति से सहयोग से होगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि की संभावना है। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

मशरूम फ्राई रेसिपी



सामग्री :

मशरुम- 1 कप कटा हुआ, प्याज- 1 कटी हुई, हरी मिर्च- 2, अदरक-लहुसुन का पेस्ट- 1 टेबलस्पून, हल्दी-चुटकीभर, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, दही- 1/4 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, गरम मसाला पाउडर- 1/2 टीस्पून, करी पत्ता- 10-12, तेल- आवश्यकतानुसार, नमक- स्वादानुसार

विधि :

एक बाउल में मशरुम, दही, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी, जीरा पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाकर लगभग 30 मिनट तक के लिए रख दें। प्याज़ और हरी मिर्च पतला लम्बा काट लें। अब कड़ाई में तेल डालकर गरम करें। उसमे बारीक़ कटा हुआ प्याज़, हरी मिर्च, कड़ी पत्ता डालकर भून लें. उसके बाद अदरक लहुसन का पेस्ट डालें। अब मशरुम और नमक डालकर मिलाएं। आंच धीमी करके मशरुम को अच्छे से पका लें।

शब्द सामर्थ्य-63

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीस करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 64 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	शिम
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू- 63

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.64 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3
3	4	8	6	7	9	2	1
1	2	9	5	3	8	7	4
2	8	1	9	5	6	4	7
6	9	7	2	4	3	5	8
5	3	4	7	8	1	9	6
8	7	2	1	6	5	3	9
4	6	5	3	9	7	1	2
9	1	3	8	2	4	6	5